<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 23.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

कृतज्ञ राष्ट्र देश के तीन महान स्वाधीनता सेनानियों– शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को आज श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। तीनों वीर सपूतों को आज ही के दिन वर्ष 1931 में लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दे दी गई थी।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों––भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

पलामू जिले में भी शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर प्रभात फेरी निकाली गई। देशभक्ति गीतों और नारों के बीच लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

******************

श्री मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

******************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र 24 मार्च तक जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च रात 11 बजकर 50 मिनट तक कर दी गई है। आवेदक आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर 26 से 28 मार्च के बीच आवेदन पत्र के विवरण में संशोधन कर सकते हैं। देश के विभिन्न शहरों और देश से बाहर 15 शहरों में कंप्यूटर आधारित सीयूईटी परीक्षा 08 मई और पहली जून के बीच आयोजित की जाएगी।

******************

देवघर साइबर थाना की पुलिस ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ठगी करने वाले 11 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 11 मोबाइल और 15 सिम कार्ड बरामद किए गए, जिनमें से चार सिम पर पहले से ऑनलाइन शिकायत दर्ज थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

******************

आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड सरकार के भीतर तालमेल की कमी से सत्ता पक्ष में उथल–पुथल मची हुई है। देवघर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ को गंभीर मुद्दा बताया ।

******************

गोड्डा जिले के सभी 9 प्रखंडों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल नल जल योजना के तहत 800 करोड़ की योजना संचालित है।

******************

राज्य के विभिन्न जिलों में कल रात हुई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से भारी तबाही हुई है। लोहरदगा जिले में सैकड़ों एकड़ में लगी गेहूं, सरसों, टमाटर और अन्य फसलें नष्ट हो गईं। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर क्षति आकलन के निर्देश दिए। किसानों ने सरकार से मुआवजा और आर्थिक सहायता की मांग की है।

******************

आईपीएल–टी20 क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच हैदराबाद में दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।

आज एक अन्य मैच चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होगा।

*******समाप्त*******